

# मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय

कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं व्यवसायिक प्रशासन संकाय
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध)
मोदीनगर – 201 204

★ बी०ए० ★ बी०एस–सी० ★ बी०कॉम०

★ एम०ए० ★ एम०एस–सी० ★ एम०कॉम०

★ बी०बी०ए० ★ बी०सी०ए०

★ बी०लिब० ★ एम०लिब० ★ एम०एस–सी (बायोटैक)

NIELIT (DOEACC) पाठ्यक्रम : सी०सी०सी०; ओ, ए स्तरीय

★ IGNOU ★ UPRTOU

# विवरणिका

2019-2020

PROSPECTUS

## MULTANIMAL MODI COLLEGE

MODINAGAR - 201 204

Email : info@mmcmodinagar.ac.in
Website : www.mmcmodinagar.ac.in
© 01232-243492, 223620, 251025, Fax No. : 01232-223620

**(A NAAC ACCREDITED COLLEGE)**

(ART, SCIENCE, COMMERCE & BUSINESS ADMINISTRATIVE)
(AFFILIATED TO CCS UNIVERSITY, MEERUT)



**डॉ० देवेन्द्र कुमार मोदी**
**अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति**



**प्रो० आर० सी० लाल**
**प्राचार्य एवं संरक्षक**

# मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय मोदीनगर (उ० प्र०)

वर्ष 1933 पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस अंचल को मील के पत्थर के समान सिद्ध हुआ जब मोदी परिवार ने ग्राम बेगमाबाद की भूमि पर मोदी शुगर मिल की स्थापना की। धीरे-धीरे अनेक उद्योग यहाँ स्थापित किये गये। स्थापित उद्योगों/सेवा/कृषि क्षेत्र में लगे हुए कामगार एवं किसान आदि परिवारों को शिक्षा प्रदान करने हेतु मोदी हाईस्कूल (वर्तमान में डॉ० के० एन० मोदी साइन्स एवं कॉमर्स कॉलिज), मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय आदि के साथ-साथ प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स डिग्री कॉलिज, तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थानों की स्थापना की। तत्पश्चात् वर्ष 2010 में राजस्थान के निवई में डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय की स्थापना की।

वर्ष 1957 में उच्च शिक्षा क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करने हेतु उत्तर भारत का प्रतिष्ठित संस्थान—मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय की स्थापना मुलतानीमल मोदी डिग्री कॉलिज सोसाइटी के अन्तर्गत हुई। जिसमें प्रारम्भ में केवल 100 विद्यार्थी एवं वर्तमान में 3900 विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

इस महाविद्यालय में रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित, सांख्यिकी, कम्प्यूटर विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, बायोटैक्नोलॉजी, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, शारीरिक शिक्षा, पुस्तकालय विज्ञान, वाणिज्य एवं प्रबन्धन सहित 18 विषयों में स्नातक एवं स्नाताकोतर कक्षायें है। महाविद्यालय में एक समृद्ध पुस्तकालय है, जिसमें सवा लाख पुस्तकें हैं।

शायद ही बुनियादी ढाँचे में इस महाविद्यालय के समकक्ष समूचे प्रदेश में कोई अन्य महाविद्यालय हो। एक विशाल तिमंजिला भवन जिसमें विज्ञान के समस्त विषयों की प्रयोगशालायें, व्याख्यान कक्षों के साथ-साथ 30 अन्य कक्ष हैं। प्रत्येक विभाग हेतु विभागीय कक्ष, कम्प्यूटर व विभागीय पुस्तकालय है। एक विशाल केन्द्रीय पुस्तकालय भवन, छात्रा कक्ष, कैन्टीन व वाहन स्थल भी है। महाविद्यालय में एक विशाल खेल के मैदान के साथ समस्त क्रीडा एवं खेल की सुविधायें उपलब्ध हैं। विज्ञान प्रयोगशालाएं आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं तथा सभी विभागों में शोध सुविधायें उपलब्ध हैं। अनेक शोध छात्र विभिन्न विभागों में विद्वान प्राध्यापकों के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। विश्वविद्यालय योग्यता सूची में भी हमारे छात्र अग्रणी रहते हैं। क्रीडा एवं खेलकूद के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कारों के साथ ही अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय के सम्मान को बढ़ाया है।

सांस्कृतिक साहित्यिक परिषद के तत्वाधान में महाविद्यालय में अखिल भारतीय स्तर पर मुलतानीमल मोदी अन्तर विश्वविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता के साथ ही विश्वविद्यालय स्तर की अनेकों सांस्कृतिक/साहित्यिक गोष्ठियों/प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष महाविद्यालय में वार्षिक समारोह गोवर्धन पूजा के दिन मनाया जाता है जिसमें स्व० सेठ रायबहादुर मुलतानीमल मोदी जी की स्मृति में अपनी कक्षा के अन्तिम वर्ष में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक के रूप में एक कलाई घड़ी, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाते हैं।

- सत्र 2015-16 से स्नातक/स्नातकोत्तर स्तरीय परीक्षा में प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण दिव्यांगों हेतु डॉ० केदारनाथ मोदी छात्रवृत्ति (छात्र), पूज्य माँ जी गिन्नी देवी मोदी छात्रवृत्ति (छात्रा) प्रारम्भ की गई है।
- सत्र 2009-2010 से अनिवासी भारतीय छात्रवृत्ति "रतन लाल-सावित्री देवी गुप्ता स्मृति छात्रवृत्ति एवं पारितोषक" दिये जा रहे हैं।

महाविद्यालय अपनी स्थापना के गौरवमयी इतिहास के साथ सत्र 2007-2008 में 50 वर्ष पूरे कर चुका है। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय में स्वर्ण जयन्ती वर्ष मनाया गया। जिसके अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग किया।

## शिक्षा प्रणाली—

चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर त्रैवार्षिक (10+2+3) शिक्षा प्रणाली लागू है। जबकि स्नातकोत्तर कक्षाओं में सैमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## अध्ययन के विषयः

### (अ) कला संकायः

**बी.ए.** (हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा, पुस्तकालय विज्ञान, अर्थशास्त्र) — कुल सीटें 240

बी.ए. में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा उक्त मुख्य विषयों में से कोई तीन विषयों का ही चयन किया जा सकता है। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा भाषा विषय का चयन किया जाता है तो अधिकतम दो भाषाओं का चयन करते हुए कुल तीन विषय ही चयनित किए जा सकते हैं।

**बी.पी.ई.एस.** (कुलसीट 60, स्ववित्त पोषित)

**एम.ए.** (हिन्दी-कुल सीटें 60, अंग्रेजी-कुल सीटें 60, अर्थशास्त्र-कुल सीटें 60, राजनीतिशास्त्र-कुल सीटें 60, इतिहास-कुल सीटें 60, संस्कृत-कुल सीटें 60)

**बी.लिब.** (B.Lib. & I.Sc.) कुल सीटें-60 (स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्थायी सम्बद्धता प्राप्त पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के इस एक वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए प्रवेश हेतु बी.एस-सी./बी.कॉम./बी.ए. न्यूनतम प्राप्तांक 45% (अनु./जनजाति 33%) के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।)

**एम.लिब.** (M.Lib. & I.Sc.) कुल सीटें-30 (स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्थायी सम्बद्धता प्राप्त, न्यूनतम अर्हता B.Lib. & I.Sc.)।

## (आ) विज्ञान संकाय :

**(1) बी० एस-सी० :** (निम्नलिखित में से कोई एक विषय समूह (Combination) लिया जा सकता है।)

1. रसायन, वनस्पति तथा जन्तु विज्ञान (कुल सीटें 120)
2. भौतिकी, रसायन तथा गणित (कुल सीटें 80)
3. भौतिकी, गणित तथा सांख्यिकी (कुल सीटें 40)
4. बी.सी.ए. (60 सीट) (स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्थायी सम्बद्धता)

**नोट :** बी.एस-सी. प्रथम में इच्छुक प्रवेशार्थी एक से अधिक विषय समूह में यदि आवेदन करना चाहते हैं तो अलग-अलग ऑन-लाइन पंजीकरण कराना होगा।

**(2) एम० एस-सी० :**

रसायन-कुल सीटें 20, वनस्पति विज्ञान-कुल सीटें 20, जन्तु विज्ञान-कुल सीटें 20, भौतिक विज्ञान-कुल सीटें 20, सांख्यिकी-कुल सीटें 20, गणित-कुल सीटें 60, बायोटैक्नोलॉजी-कुल सीट 30 (स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत)।

**नोट :** (i) एस.एस-सी. प्रथम में इच्छुक प्रवेशार्थी एक से अधिक विषय में यदि आवेदन करना चाहते हैं तो अलग-अलग ऑन-लाइन पंजीकरण कराना होगा।

(ii) विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थियों का प्रयोगशाला में स्वयं का क्रय किया गया सफेद Apron पहनकर आना अनिवार्य है।

## (इ) वाणिज्य एवं व्यवसायिक प्रशासन संकाय:

(1) बी० कॉम० (कुल सीटें-120)

(2) बी०बी०ए० (कुल सीटें-60) (स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्थायी सम्बद्धता)

(3) एम० कॉम० (कुल सीटें-60)

बी०ए०, बी०एस-सी०, बी०कॉम० विषय से उत्तीर्ण करने वाले छात्र यदि अन्य कक्षा में प्रवेश लेना चाहते हैं तो अलग-अलग ऑन लाइन पंजीकरण करना होगा।

## (ई) अन्य दूरस्थ पाठ्यक्रम:

**संस्थागत अध्ययन के साथ** IGNOU, UPRTOU एवं NIELIT (Formerly DOEACC) के कोर्स में प्रवेश लिये जा सकते हैं। विवरण अगले पृष्ठों पर देखें)। यह कोर्स अतिरिक्त योग्यता हेतु लेने की सलाह दी जाती है। आप इस सुविधा से लाभान्वित हों।

## विषय चयन:

विद्यार्थियों को विषय चयन करते समय सावधानी रखनी चाहिये। एक बार चयन किये गये विषयों में परिवर्तन नहीं होगा। प्रत्येक कक्षा/कोर्स में प्रवेश हेतु अलग-अलग आवेदन एवं वि.वि. से पंजीकरण होना अनिवार्य है।

## प्रवेश प्रक्रिया:

1. **स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेशार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया—**

क. चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की वेबसाइट ccsuweb.in पर प्रवेश हेतु पंजीकरण कराने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा ही योग्यता सूची/मैरिट लिस्ट तैयार की जायेगी। मैरिट लिस्ट में प्रवेशार्थी का नाम आने पर प्रवेशार्थी को महाविद्यालय से प्रवेश विवरणिका/ Prospectus नकद रु. 100.00 के भुगतान पर क्रय करनी होगी। विवरणिका में संलग्न प्रवेश फार्म को पूर्ण भरते हुये साथ में निम्न प्रमाण पत्रों को संलग्न करना अनिवार्य है—

1. हाई स्कूल की अंकतालिका/प्रमाण पत्र की स्व सत्यापित प्रति।
2. इण्टरमीडिएट की अंकतालिका/प्रमाण पत्र की स्व सत्यापित प्रति।
3. विगत विद्यालय से प्राप्त स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) एवं चरित्र प्रमाण-पत्र की मूल प्रति।
4. जाति प्रमाण पत्र, तहसील द्वारा (कम्प्यूटराइज्ड) जारी होना आवश्यक है यदि प्रवेशार्थी आरक्षित श्रेणी का है।
5. आय प्रमाण पत्र तहसील द्वारा (कम्प्यूटराइज्ड) जारी होना आवश्यक है (तीन वर्ष से ज्यादा पुराना न हो)।
6. आधार कार्ड की प्रति (स्व-प्रमाणित)।
7. यदि किसी प्रवेशार्थी ने अधिभार (Weightage) का लाभ प्राप्त किया है तो सम्बन्धित प्रमाण पत्र की छाया स्व सत्यापित प्रति।
8. प्रवेशार्थी को सभी प्रमाण पत्र प्रवेश के समय मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे ताकि प्रवेश स्वीकृति के लिये सभी मूल पत्रों की जाँच की जा सके।
9. यदि अभ्यर्थी का नाम प्रवेश हेतु मैरिट में आ जाता है, परन्तु अभ्यर्थी सम्बन्धित पत्राजात प्रवेश समिति के सम्मुख प्रस्तुत नहीं करता है तो उसका प्रवेश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
10. रोवर्स-रेंजर्स का अधिभार का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी को प्रवेश, प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान तथा तृतीय सोपान के प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे।
11. कक्षा / विषय में विद्यार्थी की उपस्थिति 75% से कम नहीं होगी, इस आशय का घोषणा पत्र प्रवेश फार्म के साथ जमा करना होगा। घोषणा पत्र प्रवेश फार्म के साथ संलग्न है।
12. विद्यार्थियों को प्रवेश फार्म, घोषणा पत्र, परिचय पत्र, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के सभी फार्म पर एक ही तरह का पासपोर्ट साइज फोटो लगाना होगा। अलग-अलग फोटो का प्रयोग न करें।
13. यू.पी. बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र बोर्ड के प्रवजन प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रवेश के समय संलग्न करनी होगी।
14. चौ. चरणसिंह विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रवेश के समय प्रवजन प्रमाण पत्र की छाया प्रति फार्म के साथ संलग्न करनी होगी।

ख. प्रवेश फार्म एवं सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति लेकर प्रवेशार्थी को विवरणिका में दी गयी प्रवेश समिति के सम्बन्धित संयोजक के पास प्रवेश स्वीकृति हेतु जाना होगा ताकि प्रवेश संयोजक समस्त प्रमाण पत्रों की जाँच कर लें और सही पाये जाने पर प्रवेशार्थी को प्रवेश स्वीकृत किया जा सके।

ग. विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उच्च न्यायालय/शासन के नवीन आदेशानुसार प्रत्येक विद्यार्थी को कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रत्येक माह शासन/विश्वविद्यालय को ऑन लाइन प्रेषित की जायेगी। अत: विद्यार्थी अपने शिक्षकों के सम्पर्क में रहें। यदि किसी विद्यार्थी की उपस्थिति 75% से कम पायी जाती है तो उसे परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। प्रवेश के समय प्रवेशार्थी/अभिभावक को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा, कि यदि विद्यार्थी की उपस्थिति कक्षा/विषय में 75% से कम होती है और विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा ऐसे विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रखा जाता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थी/अभिभावक की होगी।

घ. प्रवेश स्वीकृति के पश्चात्, प्रवेश संयोजक द्वारा एक unique ID प्रदान की जायेगी। इसके पश्चात् निर्धारित शुल्क महाविद्यालय की वेबसाइट www.mmcmodinagar.ac.in अथवा महाविद्यालय की मोबाइल ऐप mmc modinagar के माध्यम से online जमा की जायेगी। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि online फीस जमा करते समय सभी सूचनायें विद्यार्थी द्वारा सही-सही भरी जायें। Online शुल्क जमा करने के पश्चात् शुल्क रसीद का एक स्वहस्ताक्षरित Print out प्रवेश कार्यालय में अवश्य जमा करायें ताकि आपके प्रवेश को अंतिम रूप देते हुये कार्यालय द्वारा आपको परिचय पत्र (I-Card) आबंटित किया जा सके।

च. विद्यार्थी को परिचय पत्र पर चीफ प्रोक्टर के हस्ताक्षर कराने हेतु निम्न प्रक्रिया पूरी करनी होगी-
1. अनुशासन समिति/रैगिंग का फार्म भरकर प्रोक्टर कार्यालय में जमा कराना होगा।
2. शुल्क रसीद की छाया प्रति फार्म के साथ संलग्न करनी होगी।

## 2. परास्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेशार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया—

क. चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ वेबसाइट ccsuweb.in पर प्रवेश हेतु पंजीकरण कराने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा ही

योग्यता सूची/मैरिट लिस्ट तैयार की जायेगी। मैरिट लिस्ट में प्रवेशार्थी का नाम आने पर प्रवेशार्थी को महाविद्यालय से प्रवेश विवरणिका/ Prospectus नकद रु. 100.00 के भुगतान पर क्रय करना होगा। विवरणिका में संलग्न प्रवेश फार्म को पूर्ण भरते हुये साथ में निम्न प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे–

1. स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की अंकतालिका की छाया प्रति।
2. यदि स्नातक अन्य महाविद्यालय (एम.एम. कॉलिज, मोदीनगर के अतिरिक्त) से उत्तीर्ण की है तो स्थानान्तरण एवं चरित्र प्रमाण पत्र प्रवेश स्वीकृति के समय मूल रूप से अनिवार्य रूप में देना होगा।
3. जाति प्रमाण पत्र तहसील द्वारा (कम्प्यूटराइज्ड) जारी होना आवश्यक है यदि प्रवेशार्थी आरक्षित श्रेणी का है।
4. आय प्रमाण पत्र तहसील द्वारा (कम्प्यूटराइज्ड) जारी होना आवश्यक है (तीन वर्ष से ज्यादा पुराना न हो) स्व सत्यापित प्रस्तुत करें।
5. यदि किसी प्रवेशार्थी ने अधिभार (Weightage) का लाभ प्राप्त किया है तो सम्बन्धित प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
6. स्नातक कक्षाओं में प्राप्त भारांक का लाभ ही स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु देय होगा।
7. प्रवेशार्थी को सभी प्रमाण पत्र प्रवेश के समय मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे ताकि प्रवेश स्वीकृति के लिये सभी मूल पत्रों की जाँच की जा सके।
8. यदि अभ्यर्थी का नाम प्रवेश हेतु मैरिट में आ जाता है, परन्तु अभ्यर्थी सम्बन्धित पत्राजात प्रवेश समिति के सम्मुख प्रस्तुत नहीं करता है तो उसका प्रवेश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
9. विद्यार्थियों को प्रवेश फार्म, घोषणा पत्र, परिचय पत्र, आधार कार्ड छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के सभी फार्म पर एक ही तरह का पासपोर्ट साइज फोटो लगाना होगा। अलग-अलग फोटो का प्रयोग न करें।

ख. प्रवेश फार्म एवं सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति लेकर प्रवेशार्थी को विवरणिका में दी गयी प्रवेश समिति के सम्बन्धित संयोजक के पास प्रवेश स्वीकृति हेतु जाना होगा ताकि प्रवेश संयोजक समस्त प्रमाण पत्रों की जाँच कर लें और सही पाये जाने पर प्रवेशार्थी को प्रवेश स्वीकृत किया जा सके। प्रमाण पत्र उपर्युक्त न पाये जाने पर प्रवेश स्वीकृत नहीं होगा।

ग. प्रवेश स्वीकृति के पश्चात्, प्रवेश संयोजक द्वारा एक unique ID प्रदान की जायेगी। इसके पश्चात् निर्धारित शुल्क महाविद्यालय की वेबसाइट **www.mmcmodinagar.ac.in** अथवा महाविद्यालय की मोबाइल ऐप mmc modinagar के माध्यम से online जमा की जायेगी। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि online फीस जमा करते समय सभी सूचनायें विद्यार्थी द्वारा सही-सही भरी जायें। Online शुल्क जमा करने के पश्चात् शुल्क रसीद का एक स्वहस्ताक्षरित Print out प्रवेश कार्यालय में अवश्य जमा करायें ताकि आपके प्रवेश को अंतिम रूप देते हुये कार्यालय द्वारा आपको परिचय पत्र (I-Card) आबंटित किया जा सके।

## 3. स्नातक/परास्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष को छोड़कर प्रवेश प्रक्रिया :

स्नातक कक्षाओं के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के तथा परास्नातक कक्षाओं के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के प्रवेश सम्बन्धित संयोजकों द्वारा सीधे स्वीकृत किये जायेंगे। प्रवेश हेतु विवरणिका कार्यालय से रु. 100 नकद भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है।

## 4. छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन प्रक्रिया–

क. छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के आवेदन करने हेतु महाविद्यालय का नोटिस बोर्ड/वेबसाइट देखें ताकि शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं कार्यक्रमानुसार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कराया जा सके।

ख. विद्यार्थी को बैंक में अपने नाम से बचत खाता खोलना होगा ताकि छात्रवृत्ति के आवेदन-पत्र पर बैंक खाता संख्या अंकित हो सके। यदि विद्यार्थी का खाता जिला गाजियाबाद में किसी भी बैंक में है तो उसे नवीन खाता खुलवाने की आवश्यकता नहीं है। पास बुक की छायाप्रति छात्रवृत्ति फार्म के साथ संलग्न करनी होगी।

ग. विद्यार्थी को तहसील द्वारा कम्प्यूटराइज्ड जारी आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करनी होगी। आय प्रमाण पत्र तीन वर्ष से ज्यादा पुराना अमान्य होगा।

घ. विद्यार्थी का तहसील द्वारा कम्प्यूटराइज्ड जारी जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

ङ. स्नातक कक्षाओं के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंकतालिका/प्रमाण पत्र की छाया प्रति आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

च. स्नातक कक्षाओं के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष व स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों को हाईस्कूल एवं विगत वर्ष की अंकतालिका की छाया प्रति आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

छ. विद्यार्थी को शुल्क रसीद एवं परिचय पत्र की छाया प्रति छात्रवृत्ति आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

ज. तहसील द्वारा कम्प्यूटराइज्ड जारी आय/जाति प्रमाण पत्र ही स्वीकार होंगे।

झ. आधार कार्ड की छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी।

**क्रम संख्या ख-झ तक कागजात उपलब्ध न होने के कारण छात्रवृत्ति फार्म स्वीकार नहीं होगा।**

**5. अन्य—**

क. शुल्क की रसीदें संभाल कर रखें। किसी भी समय उनकी आवश्यकता पड़ सकती है। प्रवेश शुल्क की रसीद प्रस्तुत करने पर ही परिचय पत्र एवं लाईब्रेरी कार्ड जारी होगा।

ख. शारीरिक रूप से विकलांग छात्र स्नातक स्तर के तीनों वर्षों की शारीरिक शिक्षा (अनिवार्य विषय) की परीक्षा नहीं देंगे।

ग. विश्वविद्यालय प्रवेश नियमावली कालिज/वि.वि. वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश नियमावली में उद्धृत नियमों का पालन किया जायेगा।

घ. विश्वविद्यालय का परीक्षाफल तथा अन्य कार्यक्रम वेबसाइट www.ccsuniversity.ac.in पर उपलब्ध होगा। जबकि महाविद्यालय से सम्बन्धित सामान्य जानकारी वेबसाइट www.mmcmodinagar.ac.in पर उपलब्ध होगी।

ङ. बैक पेपर में अर्ह विद्यार्थियों को अगली कक्षा में औपबन्धिक रूप से प्रवेश विश्वविद्यालय के नियमानुसार दिया जायेगा। यदि बैक पेपर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण घोषित हो जाते हैं तो उनको भूतपूर्व छात्र के रूप में परीक्षा देनी होगी।

च. स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की कक्षाएँ भी विश्वविद्यालय आदेशानुसार अगस्त 2017 से प्रारम्भ होंगी। यदि कोई परीक्षाफल बाद में घोषित होता है तो ऐसे विद्यार्थियों के प्रवेश अंकतालिका जारी होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर किए जा सकते हैं।

छ. प्रवेश प्रक्रिया में अधिक दिन लगते हैं **अथवा किसी अन्य कारणवश शिक्षण दिवस** कम होते हैं तो उतने शिक्षण दिवसों की पूर्ति अतिरिक्त कक्षायें लगाकर की जायेगी।

ज. शोक सभायें विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थानों में केवल कार्यरत शिक्षक/कर्मचारी एवं अध्ययनरत छात्र/छात्रा के निधन पर शासनादेशों के अनुपालन में की जायेगी।

झ. चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय के नियमानुसार यदि किसी छात्र की उपस्थिति किसी एक विषय में 75% से कम रह जायेगी तो उसे परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जायेगा। छात्रों की उपस्थिति की गणना के लिए वादनों की संख्या उस छात्र की प्रवेश तिथि की उपेक्षा करते हुए सत्रारम्भ के प्रारम्भ दिन से ही ली जायेगी। अभिभावक इस दिशा में सतर्क रहें।

ण. छात्र उपस्थिति प्रतिमाह विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी।

**विश्वविद्यालय परीक्षा एवं नामांकन :**

परीक्षा फार्म, प्रवेश-प्रक्रिया समाप्त होने के बाद भरे जाते हैं। परीक्षा फार्म के साथ ही विश्वविद्यालय नामांकन फार्म भी प्रथम वर्ष के समस्त विद्यार्थियों को भरने होंगे। अन्य कक्षाओं में गत परीक्षा किसी अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को भी विश्वविद्यालय नामांकन फार्म भरना अनिवार्य है। ऐसे छात्रों को पूर्व विश्वविद्यालय का प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) परीक्षा फार्म के साथ मूल रूप में संलग्न करना होगा।

**टाइम टेबिल:**

(1) टाइम टेबिल से सम्बन्धित सूचनाएँ विभागीय सूचना पट पर देखें।

(2) टाइम टेबिल के सम्बन्ध में महाविद्यालय छात्रों की समय की प्राथमिकता को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।

**परिचय पत्र (Identity Card)**

(1) परिचय पत्र विद्यार्थी को इस महाविद्यालय की सदस्यता को प्रमाणित करता है। यह प्रवेश के पश्चात् महाविद्यालय से छात्र/छात्रा को लेना होगा।

(2) यह केवल एक वर्ष के लिए ही मान्य है।

(3) लाइब्रेरी कार्ड प्राप्त करने के लिए भी परिचय पत्र प्रस्तुत करना अत्यन्त आवश्यक है। परिचय पत्र के प्रस्तुत करने पर ही विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें दी जा सकेगी।

(4) उन सभी स्थानों और अवसरों पर जहां इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों को ही उपस्थित होने का अधिकार है, यह परिचय पत्र विद्यार्थी के पास होना आवश्यक है। अधिकारियों की मांग पर इसे प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में विद्यार्थी का महाविद्यालय में प्रवेश वर्जित किया जा सकता है। परीक्षा में बैठने के लिए भी परिचय पत्र की आवश्यकता होगी।

(5) महाविद्यालय के बाहर अन्य अवसरों पर भी परिचय पत्र की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने हित में महाविद्यालय का परिचय पत्र सदैव अपने पास रखना चाहिये।

(6) परिचय पत्र खो जाने की स्थिति में प्राचार्य को लिखित रूप में सूचित करना होगा तथा रु. 50/- के भुगतान पर डुप्लिकेट परिचय पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

(7) महाविद्यालय शुल्क रसीद खो जाने पर विद्यार्थी को रु. 50/- के भुगतान पर डुप्लीकेट शुल्क रसीद (छाया प्रति) जारी की जायेगी।

## महाविद्यालय पत्रिका एवं त्रैमासिक समाचार पत्र :

महाविद्यालय में प्रकाशन विभाग की स्थापना की गई है। जिसके अन्तर्गत वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' व त्रैमासिक समाचार पत्र का प्रकाशन किया गया है। वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं के मौलिक विचार/कविता/व्यंग व अन्य साहित्यिक रचनाओं का प्रकाशन किया जाता है त्रैमासिक समाचार-पत्र के माध्यम से महाविद्यालय की वर्ष-भर शैक्षणिक, साहित्यिक एवम् अन्य गतिविधियों को प्रकाशित किया जाता है। प्रकाशन विभाग का उद्देश्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में साहित्य लेखन के प्रति रुचि उत्पन्न करना है।

## शोध अध्ययन/जूनियर/सीनियर फैलोशिप :

महाविद्यालय में समस्त विषयों में शोध अध्ययन की सुविधा प्राप्त है। कोई भी ऐसा विद्यार्थी जिसने उच्च शिक्षा में प्रवक्ता की न्यूनतम शैक्षिक अर्हता / विश्वविद्यालय शोध की प्रवेश परीक्षा UGC/CSIR अथवा अन्य किसी मान्य विधिक संस्थान एवं जूनियर फैलोशिप परीक्षा उत्तीर्ण की हो शोध हेतु अर्ह है। ऐसे शोधार्थी को निम्न नियमों का अनुपालन करना आवश्यक होगा–

1. शोधार्थी ने उच्च शिक्षा में अध्यापन की न्यूनतम अर्हता के साथ-साथ विश्वविद्यालय में प्रवेश पंजीकरण कराया हो।
2. शोध कार्य हेतु संस्थागत प्रवेश लेना होगा लेकिन उसे शोध/अध्यापन करने के अतिरिक्त महाविद्यालय की किसी अन्य गतिविधि में भाग लेने पर प्रतिबन्ध होगा। छात्र-संघ चुनाव की स्थिति में शोध-छात्र स्वयं को छात्र के समकक्ष नहीं मानेंगे और न ही किसी पद पर चुनाव लड़ सकेंगे।
3. शोध-कार्य केवल नियमित शोधार्थी के रूप में किया जा सकेगा तथा शोध समय में न्यूनतम निर्धारित अध्यापन करना अनिवार्य होगा। अध्यापन कार्य हेतु किसी प्रकार का मानदेय देय नहीं होगा।
4. शोध कार्य हेतु वित्तीय सहायता/शोध-वृत्ति प्रदान करने वाली संस्थाओं से आर्थिक सहायता/शोध-वृत्ति प्राप्त की जा सकती है।
5. शोधार्थी को प्रवेश नियमों का अनुपालन करते हुए शोधग्रंथ मूल्यांकन हेतु जमा करने से पूर्व कम से कम दो शोधपत्र राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय पत्र/पत्रिकाओं में प्रकाशित कराने होंगे। जिसमें कम-से-कम एक शोध पत्र संधर्भित (Referred) जर्नल में प्रकाशित होना चाहिए। साथ ही कम-से-कम दो पेपर (शोध कार्य समय में) संगोष्ठियों/सम्मेलनों में प्रस्तुत करने होंगे। शोध पत्र, शोध ग्रन्थ की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी **महाविद्यालय में देनी होगी तथा सारांश की 10** प्रति जमा करानी होगी।
6. शोधार्थी को शिक्षकों के समान ही आचार संहिता का पालन करना होगा।
7. शोधार्थी के द्वारा शोध अवधि में यदि कोई अनुचित आचरण किया जाता है तो प्रवेश निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य को होगा।
8. शोध-छात्र, जूनियर/सीनियर फैलोशिप प्राप्त शोधार्थी को प्रतिदिन महाविद्यालय में उपस्थित होना होगा एवं उपस्थित पंजिका में हस्ताक्षर करने होंगे।
9. शोध/जूनियर/सीनियर फैलोशिप प्राप्त होने पर शोध-छात्रवृत्ति/मानदेय तभी निर्गत किया जायेगा, जब सम्बन्धित माह की उपस्थिति गाइड/विभागाध्यक्ष/कार्यालय द्वारा प्रति-हस्ताक्षरित/सत्यापित की जायेगी।
10. शोध/जूनियर/सीनियर फैलोशिप प्राप्त अभ्यर्थियों को महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में लागू सम्बन्धित अवकाश/वित्तीय नियमों का अनुपालन करना होगा।

## अनुशासन/एन्टी रैगिंग समिति :

माननीय उच्च न्यायालय एवं शासन के पत्रांक 746/सत्तर-1-2009/उच्च शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 26 मार्च 2009 द्वारा रैगिंग पर पूर्ण निषेध है। छात्रों की संलिप्तता पर कठोर दण्ड का प्राविधान है। रैगिंग सम्बन्धी निर्देशों के अनुपालन में महाविद्यालय में एक एन्टी रैगिंग समिति कार्यरत है।

## महाविद्यालय/विभागीय परिषद :

महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग में विभागीय परिषद् का गठन किया गया है। परिषद के कार्य समय-समय पर प्रश्नोत्तरी

प्रतियोगिताएं, सेमीनार, अध्ययन एवं अध्यापन शिक्षण गतिविधियाँ एवं युवाओं के व्यक्तित्व विकास हेतु कार्यक्रम आयोजित करना है। प्रत्येक विद्यार्थी को विभागीय परिषद का सदस्य बनना होगा। विद्यार्थी सम्बन्धित जानकारी विभागाध्यक्ष/परिषद् प्रभारी से प्राप्त करें। परिषदों में सुगम प्रशासन हेतु महाविद्यालय परिषद् गठित है जिसके समन्वयक डॉ. के. के. शर्मा है।

**महाविद्यालय छात्र-संघ :**

छात्र संघ का गठन लोकतान्त्रिक भावनाओं एवं युवाओं के व्यक्तित्व विकास हेतु किया जाता है। छात्र संघ का गठन उ०प्र० शासन/विश्वविद्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सामूहिक गुप्त मतदान प्रक्रिया से लिंगदोह समिति के सुझावों के अन्तर्गत किया जाता है। नवगठित छात्र-संघ का कार्यकाल एक शैक्षिक वर्ष का होता है जोकि तीस जून को समाप्त हो जाता है।

**छात्र कल्याण प्रकोष्ठ :**

छात्र कल्याण प्रकोष्ठ विद्यार्थियों के कल्याण हेतु गठित किया गया है इसमें निर्धन विद्यार्थी शुल्क में छूट हेतु, आर्थिक सहायता एवं/अथवा बुक बैंक से किताबें प्राप्त करने के लिये आवेदन कर सकते हैं तथा प्रकोष्ठ द्वारा लिये गये अन्तिम निर्णय अनुसार विद्यार्थी को सुविधा दी जायेगी। छात्र कल्याण प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ० विवेक शील हैं।

**महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ :**

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ गठित है। महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. वन्दना शर्मा हैं। महाविद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षक/कर्मियों एवं छात्राओं हेतु सुविधाओं एवं उनके शैक्षणिक तथा अधिकारों के प्रति सजगता रखना प्रकोष्ठ का कार्य है। समस्त सम्बन्धित से अपेक्षा की जाती है कि अपनी किसी भी शिकायत के निराकरण हेतु प्रकोष्ठ अधिकारियों को लिखित रूप में अवगत करायें ताकि तत्काल उनका निराकरण हो सके।

**सांस्कृतिक साहित्यिक परिषद :**

महाविद्यालय में परिसंवाद संगोष्ठियों, विचार, टिप्पणियों, वाद विवाद प्रतियोगिताओं के रूप में विविध सांस्कृतिक/शैक्षिक क्रियाकलाप आयोजित किये जाते हैं जिनमें अध्यापक और विद्यार्थी भाग लेते हैं। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि प्रवेश प्राप्ति के बाद परिषद् के अधिकारियों से सम्पर्क कर अपनी अभिरुचि को बतायें ताकि वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता हो सके।

**धरोहर :**

महाविद्यालय में क्षेत्रीय इतिहास व संस्कृति के संरक्षण हेतु "धरोहर" नामक संग्रहालय है। जिसमें पुरावशेषों के रूप में प्राचीन सिक्के, मूर्तियाँ, चित्र, पाण्डुलिपियां, मृद्भाण्ड आदि का संग्रह किया गया है। धरोहर के माध्यम से छात्र-छात्राएँ अपनी सांस्कृतिक विरासत से साक्षात्कार कर सकते हैं।

**अनुसूचित जाति/जनजाति विद्यार्थी प्रकोष्ठ :**

महाविद्यालय के अनुसूचित जाति/जनजाति विद्यार्थियों की सुविधा हेतु इस प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। सम्बन्धित विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने शैक्षिक विकास हेतु प्रकोष्ठ से लगातार सम्पर्क में रहें। महाविद्यालय में इस वर्ग के लिए शासकीय आदेशानुसार अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**कालेज यू.जी.सी. कमेटी :**

महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर यू.जी.सी. को भेजे जाने प्रस्तावों को तैयार करने एवं उस संदर्भ के प्राप्त धनराशियों का समुचित उपभोग एवं अन्य कार्यकलापों हेतु इस समिति का गठन किया गया है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में महाविद्यालय, शिक्षकों, विद्यार्थियों से सम्बन्धित वित्तीय योजनाओं से लाभान्वित होने के लिये समिति सतत् रूप से प्रयासरत रहती है।

**रेमेडियल (उपचारी कोचिंग) कमेटी :**

सत्र 2010-11 से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) और अल्पसंख्यक छात्रों के उत्थान के लिये महाविद्यालय में उपचारात्मक कोचिंग (Remedial Coaching) कक्षाओं की शुरूआत की गई है। यू.जी.सी. द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता से इन वर्गों के छात्रों को कुशलता से उच्च शिक्षा प्राप्त करने तथा असफलता को कम करने के लिये उपचारात्मक प्रशिक्षण की व्यवस्था इस सैल द्वारा की जाती है।

**कोचिंग क्लास कमेटी :**

सत्र 2010-11 से अनुसूचित जाति, अ.सू. जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) और अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को सरकारी और गैर-सरकारी सेवाओं में प्रवेश के लिये सहायता करने के लिये इस महाविद्यालय में यू.जी.सी. द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता से कोचिंग क्लास की व्यवस्था की जाती है।

इस कोचिंग योजना का मूल उद्देश्य अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) और अल्पसंख्यक समुदायों से सम्बन्धित छात्रों को केन्द्रीय सेवाओं, राज्य सेवाओं व लाभप्रद रोजगार प्राप्त करने के लिये छात्रों को तैयार करना है।

## कैरियर और परामर्श सैल :

सत्र 2010-2011 से महाविद्यालय में यू.जी.सी. से वित्तीय सहायता के साथ एक कैरियर और परामर्श सैल का गठन किया गया है। यह सैल इस महाविद्यालय के छात्रों को विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों की संभावनाओं के बारे में प्रासंगिक जानकारी और व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह सैल छात्रों को जटिल और वैश्विक रोजगार के बाजार में आने वाली कठिनाइयों का सामना करने में भी मदद करता है।

## महाविद्यालय आन्तरिक मूल्यांकन गुणवत्ता समिति (IQAC) :

उ०प्र० शासन/NAAC द्वारा अपेक्षित शैक्षणिक/शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों के बारे में उनके मूल्यांकन/गुणवत्ता के स्तर के उन्नयन एवं अपेक्षित समय में उनकी आख्या तैयार कर विश्वविद्यालय/उ०प्र० शासन को उपलब्ध करायी जाती है ताकि उसका समुचित प्रयोग किया जा सके। सभी प्रध्यापकों/विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने विभाग एवं स्वयं के मूल्यांकन हेतु महाविद्यालय की शैक्षणिक/शिक्षणेत्तर क्रियाकपालों के उन्नयन में अपना पूर्ण सहयोग दे ताकि महाविद्यालय का चहुँमुखी विकास हो सके।

उक्त समितियों के अतिरिक्त निम्नांकित अन्य समितियाँ भी महाविद्यालय एवं छात्र विकास के लिए प्राचार्य एवं प्रबन्धतन्त्र के निर्देश में कार्य कर रहीं हैं।

1. Training & Placement Cell
2. Planning/Finance/Purchase Committee
3. Equal Opportunity Cell
4. Admission and Exam Committee
5. Extension Activities Committee
6. College Council
7. Time Table Committee
8. Library Advisory Committee
9. Research & Development Committee
10. Medical/First Aid Committee
11. Academic Advisory Committee/Council
12. Examination Committee
13. RTI Committee
14. College Press Corespondent Committee
15. College Magazine Committee
16. Environment Awareness Committee
17. Staff Welfare Committee (Teaching & Non Teaching)
18. Maintenance/Infrastructure Committee
19. Teachers Club
20. Chief Proctor
21. NSS
22. Sports Committee
23. Rover & Rangers
24. NCC
25. Alumni Association
26. Administration

## प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता :

(क) प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन पत्र अग्रसरित एवं सत्यापित करने हेतु :

1. डॉ. हरीश कुमार, एसो. प्रोफेसर, राजनीति शास्त्र
2. डॉ. बी.सी. पाण्डेय, एसो. प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग

(ख) छात्रवृत्ति हेतु खाता खोलने के लिये बोनाफाइड प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाइट www.mmcmodinagar.ac.in पर उपलब्ध होगा।

डॉ. मुकेश कुमार, असि. प्रोफेसर, भौतिकी विभाग बोनाफाइड पर हस्ताक्षर कराने हेतु प्रपत्र के साथ शुल्क रसीद, I-card की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।

(ग) छात्रवृत्ति फार्म में संलग्न जाति प्रमाण-पत्र एवं आय प्रमाण पत्र को सत्यापित करने हेतु :

डॉ० मयंक मोहन, असि. प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग/प्रभारी छात्रवृत्ति

## खेलकूद :

छात्रों के लिए क्रिकेट, भारोत्तोलन, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेबिल टेनिस, हॉकी, जूडो तथा एथलेटिक्स आदि की व्यवस्था है। विभिन्न कक्षाओं के मध्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाता है। इसके लिए एक क्रीड़ा-समिति का गठन है। क्रीड़ा कोष से विभिन्न प्रकार की सुविधायें प्रदान की जाती हैं। अधिक जानकारी के लिए डॉ. एस.एस. सूरी, क्रीड़ा विभाग से सम्पर्क करें।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (N.C.C.)

राष्ट्रीय कैडेट कोर के माध्यम से विद्यार्थियों को सैनिक प्रशिक्षण दिया जाता है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)

राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व एवं सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में इकाईयाँ व्यवस्थाबद्ध रूप से कार्यरत हैं। इस संस्था की विशेषता है कि शिक्षक एवं विद्यार्थी एक जुट होकर सेवा में लगे रहते हैं। कार्य रूप दैनिक तो है ही साथ में विशेष शिविरों का भी आयोजन किया जाता है। यह संस्था जो कार्य कर रही है, उनमें साक्षरता, प्रौढ़ शिक्षा, श्रमदान, ग्राम विकास प्राकृतिक प्रकोपों के अवसर पर धन एवं वस्तु संग्रह प्रमुख है। महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों से आशा की जाती है कि वे जन जागरण हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य बनें।

MULTANIMAL MODI COLLEGE MODINAGAR तमसो मा ज्योतिर्गमय Estd. 1957

**रोवर्स एण्ड रेंजर्स :**

इस योजना के अन्तर्गत समस्त विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा तथा उससे सम्बन्धित कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**वाहन/साइकिल स्टैंड :**

महाविद्यालय में मोटर/स्वयं द्वारा चालित वाहन खड़े करने की व्यवस्था है। अपने वाहन निर्धारित स्थान पर ही खड़ा करें अन्यथा वाहन जब्त किया जायेगा। जब्त वाहन दण्ड शुल्क का भुगतान पर ही प्राप्त किया जा सकता है। वाहन चोरी/गुम होने की स्थिति में महाविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। यदि साईकिल स्टैण्ड पर ठेकेदार की व्यवस्था है तो ठेकेदार का उत्तरदायित्व होगा। ठेकेदार न होने की स्थिति में अपने वाहन की स्वयं रक्षा करें। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि अपने वाहन/साइकिल में डबल लॉक का उपयोग करें।

**छात्रावास :**

छात्रावास समसामयिक परिस्थितियों के कारण संचालन में नहीं है।

**कैन्टीन :**

महाविद्यालय में कैन्टीन/कैफेटेरिया की व्यवस्था है। जहाँ चाय, कोल्ड ड्रिंक्स एवं स्नैक्स की उपलब्धता है।

**शुल्क :**

1. शासन/विश्वविद्यालय स्तर से यदि शुल्क में कोई परिवर्तन होता है तो विद्यार्थी परिवर्तित शुल्क जमा करने के लिए बाध्य होगा।

2. प्रवेश के समय जमा किया गया शुल्क किसी भी दशा में नहीं लौटाया जायेगा।

3. सुरक्षित धन प्रस्तावित कक्षा छोड़ने के पश्चात् तीन वर्ष के भीतर विद्यार्थी द्वारा महाविद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। उसके पश्चात् प्रतिभूति के रूप में जमा धनराशि पर सम्बन्धित विद्यार्थी का कोई अधिकार नहीं होगा।

4. अनुदानित कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं से शिक्षण शुल्क नहीं लिया जायेगा।

5. परास्नातक स्तर के प्रथम वर्ष में इस विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय नामांकन (एनरोलमैंट) शुल्क भी देना होगा।

6. **कक्षाओं के अध्यापन हेतु शिक्षक पद रिक्त होने पर विद्यार्थियों के आर्थिक सहयोग से ट्यूटर की व्यवस्था की जा सकती है। इस हेतु प्रस्ताव विभागीय परिषद द्वारा किया जाना अपेक्षित है।**

7. अनुसूचित जाति के छात्र शुल्क में यदि छूट प्राप्त करना चाहते हैं, अपने अभिभावक की आय का प्रमाण पत्र तहसीलदार से प्रवेश प्रारम्भ होने से पूर्व ही प्राप्त करें। जिसके अभिभावक सेवारत हैं, वे संबंधित अधिकारी से वेतन+भत्ते का प्रमाण पत्र प्राप्त करें आय प्रमाण पत्र तीन वर्ष की अवधि के पूर्व का न हो। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त जातिगत छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रति पूर्ति हेतु अभिभावक की आय सीमा सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु शासनादेश के अनुरूप होगी।

8. अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति एवं सामान्य जाति के उन विद्यार्थियों को जो कि छात्रवृत्ति के पात्र हैं, शासन द्वारा निर्धारित अवधि में ही छात्रवृत्ति का फार्म भरकर संबंधित लिपिक के पास जमा कराना होगा। बाद में छात्रवृत्ति का फार्म जमा नहीं होगा। छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थी अपना बचत खाता बैंक में खोलकर खाता संख्या एवं आधार कार्ड संख्या छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र में अवश्य लिखें।

9. विद्यार्थी इस विषय में सचेत रहें कि छात्रवृत्ति प्राप्त करने की दशा में तथा प्रवेश हेतु किसी भी प्रकार के जाली प्रमाण पत्रों का प्रयोग न करें। यदि कोई जाली प्रमाण पत्र विद्यार्थी द्वारा प्रयोग किया गया, उसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट पुलिस विभाग में की जायेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यार्थी एवं उसके अभिभावक की होगी।

## डॉ. के.एन. मोदी छात्रवृत्ति (छात्र)

सत्र 2015-16 से महाविद्यालय द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण होने एवं दिव्यांग (छात्र) वर्ग में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले छात्र को प्रतिमाह ₹ 425/- की दर से एक वर्ष के उच्च-अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।

## पूज्य माँ जी गिन्नी देवी मोदी छात्रवृत्ति (छात्रा)

सत्र 2015-16 से महाविद्यालय द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण होने एवं दिव्यांग (छात्रा) वर्ग में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को प्रतिमाह ₹ 425/- की दर से एक वर्ष के उच्च-अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।

## अनिवासी भारतीय छात्रवृत्ति एवं पारितोषक

### रतन लाल-सावित्री देवी गुप्ता
### स्मृति छात्रवृत्ति एवं पारितोषक
### (सत्र 2009-10 से आरम्भ)

**1. प्रतिभा छात्रवृत्ति (एक)**—विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थी को देय @ वार्षिक ₹ 15,000 ₹ 1250 मासिक।

**2. सर्वोत्तम छात्र एवं छात्रा पुरस्कार (प्रत्येक को एक)**—विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के स्नातकोत्तर उत्तीर्ण (अंतिम वर्ष) देय @ 11,000 रु. प्रत्येक को नकद।

**3. सर्वोत्तम प्रतिभा पुरस्कार (तीन)**—विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय में स्नातक स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को देय @ ₹ 7,100 प्रत्येक को नकद।

वर्तमान में ये छात्रवृत्ति प्रतिभाशाली दिव्यांग विद्यार्थियों एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रदान की जाएगी।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय का केन्द्रीय पुस्तकालय पूर्णत: कम्प्यूटराइज्ड है तथा पुस्तकालय में उपलब्ध लगभग 125000 पुस्तकों का विवरण ऑन लाइन देखा जा सकता है पुस्तकालय में एक बड़ा वाचनालय है जिसमें विद्यार्थियों के अध्ययन की व्यवस्था की गई है। कामर्स एवं कला संकाय हेतु पुस्तकों के अलग-अलग सैक्शन है। पुस्तकालय में 30 शोध जरनल, समाचार पत्र एवं पत्रिकायें छात्रों के पठन हेतु उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में E-Library की सुविधा है तथा इस हेतु 20+1 कम्प्यूटर इन्टरनेट एवं इनफिलब.नैट से सुसज्जित है। केन्द्रीय पुस्तकालय के अतिरिक्त स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों हेतु प्रत्येक विभाग में भी विभागीय पुस्तकालय तथा कुछ विभागों में इन्टरनेट की सुविधा के साथ कम्प्यूटर लैब का निर्माण किया गया है। प्रत्येक विद्यार्थी को पुस्तकालय का लाभ उठाने के लिए इसकी सदस्यता लेनी होगी। परिचय पत्र (Identity Card) प्रस्तुत करने पर पुस्तकालय द्वारा एक एनरोलमेंट कार्ड दिया जायेगा। छात्र इस कार्ड को भरकर अपने और अपने अभिभावक के हस्ताक्षर सहित पुस्तकालय को लौटा देगा। इस कार्ड को भरकर इस कार्ड को दिखाने पर विद्यार्थी को रीडर्स टिकट (Reader's Ticket) प्रदान किये जायेंगे। प्रत्येक वर्ष इसके नवीनीकरण (Renewel) हेतु पुस्तकालय में विद्यार्थी को परिचय पत्र तथा सम्बन्धित वर्ष के शुल्क की रसीद (Admission Receipt) प्रस्तुत करनी होगी तत्पश्चात् ही कोई पुस्तक पुस्तकालय से प्राप्त की जा सकती है।

**पुस्तक प्राप्ति:**

इस सम्बन्ध में प्रमुख नियम निम्नलिखित हैं:

1. पुस्तकालय का प्रत्येक सदस्य रीडर्स टिकट (Reader's Ticket) के अनुसार पुस्तकें ले सकता है।

2. विद्यार्थी की रीडर टिकट के विनिमय में ही पुस्तक दी जायेंगी।

3. रीडर्स टिकट खो जाने पर विद्यार्थी पुस्तकालयाध्यक्ष को अविलम्ब लिखित सूचना देगा। 5.00 रुपये प्रति टिकट दिये जाने पर पुन: रीडर्स टिकट प्रदान किये जायेंगे।

4. पुस्तक लेने से पूर्व विद्यार्थी को पुस्तक का भली प्रकार से निरीक्षण कर लेना चाहिए। यदि पुस्तक ठीक स्थिति में नहीं है तो उसी समय विभाग को सूचित करें अन्यथा पुस्तक लेने वाले छात्र को ही पुस्तकालय में नई पुस्तक देने का उत्तरदायित्व वहन करना पड़ेगा।

5. सन्दर्भ पुस्तकें घर के लिए नहीं दी जायेगी। सन्दर्भ पुस्तक निम्न प्रकार की है—

(1) शब्द कोष (Dictionaries)
(2) विश्वकोष
(3) वर्ष पुस्तकें
(4) जीवन सम्बन्धित कोष
(5) भूचित्रावली

पुस्तक या पत्रिका को नष्ट करना अत्यन्त निंदनीय कार्य है, जिसके लिए दोषी को आर्थिक दण्ड दिया जा सकता है तथा अपराध

की गुरुता के अनुसार उसकी पुस्तकालय सदस्यता समाप्त की जा सकती है। **पुस्तक प्राप्ति के एक माह के भीतर पुस्तकें लौटानी होंगी अन्यथा 2/- प्रतिदिन का अर्थदण्ड देना होगा।**

## डॉ. एस. आर. रंगानाथन पुस्तकालय

### (व्यवसायिक शिक्षा संकाय)

स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष 2002 में लगभग 1200 वर्गफुट क्षेत्रफल का एक अलग पुस्तकालय स्थापित किया गया। वर्तमान में पुस्तकालय में बी.बी.ए (BBA), बी.सी.ए. (BCA), NIELIT, बायोटैक्नोलॉजी (जैव प्रौद्योगिकी) और पुस्तकालय विज्ञान विभागों की 6000 से अधिक पुस्तकों का संग्रह है। पुस्तकालय संग्रह में पुस्तकें, संदर्भ पुस्तकें, जरनल, पत्रिकाएँ, समाचार पत्र और शोध प्रबन्ध शामिल हैं। पुस्तकालय स्ववित्त पोषित विभाग का एक अभिन्न हिस्सा है और यह शिक्षण/शिक्षा और शोध की प्रक्रिया को बहुत सरल करता है। पुस्तकालय में एक अलग संदर्भ अनुभाग है जिसमें विश्व कोश, शब्द कोश और विविध प्रकार की संदर्भ पुस्तकें शामिल हैं। पुस्तकालय की सदस्यता सभी छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए उपलब्ध हैं। सभी पंजीकृत सदस्यों को पुस्तकालय सामग्री का उपयोग करने के लिए दो सदस्यता कार्ड (Membership Card) जारी किए जाते हैं। पुस्तकालय का उन्नतिकरण समय-समय पर उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं के अनुसार किया जाता है। पुस्तकालय का स्वचालन बार-कोड टैक्नोलॉजी के साथ यू.जी.सी.-इनफ्लिबनेट (UGC-INFLIBNET) द्वारा विकसित साफ्टवेयर SOUL 2.0 के द्वारा किया जा रहा है। पुस्तकालय में ई-संसाधनों के उपयोग हेतु सभी सदस्यों के लिए IT Zone (इंटरनेट सुविधा) उपलब्ध है। पुस्तकालय के इस भाग में उपयोगकर्ता N-List प्रोग्राम के द्वारा बहुत अधिक संख्या में पुस्तकें, जरनल इत्यादि का पठन-पाठन कर सकते हैं। पुस्तकालय में उपयोगकर्ताओं के पठन-पाठन के लिए पर्याप्त वाचनालय (reading-room) उपलब्ध है। अब यह पुस्तकालय डॉ. एस.आर. रंगानाथन पुस्तकालय के नाम से जाना जाता है।

## व्यवसायिक शिक्षा संकाय (स्ववित्त पोषित)

व्यवसायिक शिक्षा संकाय, मुलतानी मल मोदी महाविद्यालय मोदीनगर, अपने वर्तमान स्वरूप में महाविद्यालय की मुख्य धारा का अभिन्न अंग होने के नाते पूर्ण विकसित बहुविषयक विभाग के रूप में वर्ष 2002 में स्थापित किया गया है। आरम्भ में जिसकी शुरुआत एम.एस.सी बायो टैक्नोलॉजी एवं DOEACC के 'O' Level पाठ्यक्रम के साथ की गयी। वर्तमान में व्यवसायिक शिक्षा संकाय के अन्तर्गत NIELIT, नई दिल्ली से सम्बद्ध पाठ्यक्रम 'O' Level, 'CCC', 'BCC' एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एम.एस.सी. बायोटैक्नोलॉजी (M.Sc. Biotechnology), बी.एल.आई.एस.सी. (B.L.I.Sc.), एम.एल.आई.एस.सी. (M.L.I.Sc.), बी.बी.ए. (BBA) एवं बी.सी.ए. (BCA) संचालित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय के विकास की मुख्यधारा के रूप में यह व्यवसायिक संकाय उद्योग, शिक्षा, व्यवसाय, सरकार एवं सामाजिक क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

**दृष्टि (Vision)**—व्यवसायिक शिक्षा संकाय को एक उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान के रूप में स्थापित करना जो कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के समक्ष हो सके।

**व्यवसायिक शिक्षा संकाय पाठ्यक्रम के उद्देश्य—**

1. व्यवसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों से छात्रों को परिचित कराना।
2. व्यक्तियों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक व सामाजिक रूप में हो रहे विकास के पहलूओं को जाँचना।
3. पेशेवर शिक्षा से सम्बन्धित आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु छात्रों को प्रशिक्षित करना।
4. युवा शक्ति को सामूहिक रूप से साथ कार्य करने एवं सीखने के अवसर प्रदान करना।
5. शिक्षण के लिए आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाओं से छात्रों को अवगत कराना।
6. छात्रों को शिक्षण सामग्री के चयन व उसे क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित करने, इसका विश्लेषण करने व प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में परीक्षण देना।
7. पेशेवर कर्तव्यों के दौरान समाज के सभी वर्गों के व्यक्तियों के साथ समायोजित होकर कार्य करने का प्रशिक्षण देना।
8. लोकतांत्रिक व्यवस्था से सम्बन्धित प्रक्रियाओं के विकास में सहायता प्रदान करना।

